Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक**
**तिथि: 15/09/2023**
**समय: 9.30 AM**
**स्थान:** 45/C, पाटलिपुत्रा कालोनी, पटना (बीसीए कार्यालय).

**उपस्थिति:**
1. श्री राकेश कुमार तिवारी – अध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
2. श्री दिलीप सिंह- उपाध्यक्ष, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
3. सुश्री प्रिया कुमारी- संयुक्त सचिव, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
4. श्री आशुतोष नन्दन सिंह- कोषाध्यक्ष ,बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
5. श्री ओम प्रकाश जयसवाल- जिला संघो के प्रतिनिधि, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन
6. सुश्री लवली राज- खिलाड़ी प्रतिनिधि (म), बिहार क्रिकेट एसोसिएशन

**एजेंडा संख्या -1,**
To discuss & Confirm the proceeding of the last meeting.
**निर्णय**: एजेंडा को पटल पर लाया गया एवं गत कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक में लिए गए सभी निर्णयों को उपस्थित सभी सदस्यों को पढ़ कर सुनाया गया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से संपुष्ट किया।

**एजेंडा संख्या -2,**
To discuss & decide about the Expenditure incurred and pending payment against INTER DIST. TOURNAMENT 2023.
**निर्णय:** कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नन्दन सिंह ने बैठक में INTER DIST. TOURNAMENT 2023 के आयोजन में किए गए खर्चों एवं इससे संबन्धित बकाया का विस्तृत व्योरा पेश किया। बैठक में इस पर आइटम वाइज़ विस्तृत चर्चा हुई, चर्चा के उपरांत बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अभी तक इस संबंध में किए गए खर्चों एवं उपस्थापित किये गए बकाया के विपत्रों के भुगतान को स्वीकृत किया तथा नियमानुकूल मानते हुए सहमति प्रदान की।

**एजेंडा संख्या -3**
To discuss & decide the status of the state camp and expected expenditure.
**निर्णय:** उपाध्यक्ष सह क्रिकेटिंग इंचार्ज श्री दिलीप सिंह ने उपस्थित सभी सदस्यों को बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा करवाए जा रहे घरेलू मैचों की जानकारी दी और संबन्धित विभाग के द्वारा प्रस्तावित आगामी महिला एवं पुरुष के विभिन्न वर्गों के होने वाले कैंपो तथा ट्रायल में होने वाले संभावित खर्चों का विस्तृत व्योरा प्रस्तुत किया। इस संबंध में चर्चा के दौरान कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नन्दन सिंह ने उपस्थित सदस्यों को बीसीसीआई से वर्तमान में प्राप्त होने वाले कुल आवंटन के मद्दे नजर सभी आइटम के खर्चों में यथासंभव कटौती करने का सुझाव दिया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने कोषाध्यक्ष के राय पर सहमति जताते हुए, प्रस्तावित/संभावित सभी खर्चों को पारित किया।

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**एजेंडा संख्या -4**

To discuss& decide the Financial Status of the Association.

**निर्णय:** कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नन्दन सिंह ने बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की अधतन आर्थिक स्थिति का ब्योरा पेश करते हुए अंकेक्षित लेखा विवरण उपस्थित सभी सदस्यों के समक्ष रखा। इसे वार्षिक आम सभा के पटल पर रखने की सहमति दी गई। उपस्थित सदस्यों ने बीसीए की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए अन्य श्रोतों से आय को बढ़ाने का सुझाव दिया, और अंकेक्षित लेखा विवरणी को सर्व सम्मति से अनुशंसित करते हुए, इसे वार्षिक आम सभा की बैठक के पटल पर आवश्यक कारवाई हेतु प्रस्तुत करने का अनुरोध कोषाध्यक्ष से किया।

**एजेंडा संख्या -5**

To discuss& decide the Status of GST, TDS & other mandatory compliances.

**निर्णय:** कोषाध्यक्ष ने बताया कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के जीएसटी, टीडीएस एवं सभी आवश्यक वैधानिक कृत्यों का अनुपालन/भुगतान किया जा चुका है एवं सभी अधतन है । इसके लिए उन्होने विशेष रूप से लेखा विभाग से जुड़े सभी कर्मियों के कार्य की सराहना की । कोषाध्यक्ष ने पूर्व के अनुभव के आधार पर बीसीएल के संबंध में प्रस्ताव रखा कि बीसीएल जो कि, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की एक इकाई है, का अलग से जीएसटी नंबर लेने की आवश्यकता है, जिससे लेखांकन का कार्य सुगमता पूर्वक संपादित किया जा सके।
इस पर गहन चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बीसीएल के चेयरपर्सन अपनी देख रेख में बीसीएल के जीएसटी के लिए सभी आवशयक कारवाई करेंगे। इस कार्य के लिए बीसीएल बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के कार्यालय का पता का भी उपयोग करेगी एवं बीसीएल के सभी कार्यों का सम्पादन बीसीए के कार्यालय से करेंगे।

**एजेंडा संख्या -6**

To discuss & Approve the logistic, Travelling, Accessories, Accommodation and other Miscellaneous work related BCCI matches Including Ground Preparation- Maintenance and booking work.

**निर्णय:** माननीय आसन की अनुमति से कोषाध्यक्ष महोदय ने बीसीसीआई द्वारा बोर्ड मैचों के आयोजन तथा बीसीए के टीम के अन्य स्थलों पर होने वाले दौरे हेतु तैयारी के मद्देनजर विस्तृत व्योरा प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष महोदय ने उपस्थित सदस्यों को यह भी बताया कि मुंबई, केरला के विरुद्ध रणजी मैचों के आयोजन के अलावा तकरीबन 11 मैचों का आयोजन की मेजबानी बीसीए को बीसीसीआई के द्वारा दी गई है तथा इसके अलावा बोर्ड द्वारा प्रस्तावित आयोजन स्थलों पर बिहार की महिला / पुरुष की विभिन्न आयु वर्गों की टीमों को दौरा भी करना है। कोषाध्यक्ष महोदय ने बिहार में होने वाले बोर्ड मैचों के आयोजन की तैयारी, मैदानों/ड्रेसिंग रूम/बोर्ड मैच ऑफिसियल कक्ष के रख-रखाव/उन्नयन / मरम्मत कार्य / साफ सफाई / रंग रोगन/ मशीन एवं उपस्करों की मरम्मती एवं सर्विसिंग तथा मोइनुल हक स्टेडियम को पूर्ण रूप से इन मैचों के आयोजन हेतु निर्धारित माप दंड पर तैयार करने हेतु 65 लाख रुपये के अनुमानित व्यय का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा कोषाध्यक्ष महोदय ने बिहार की महिला / पुरुष की विभिन्न आयु वर्गों की टीमों के बिहार से बाहर बोर्ड द्वारा आयोजित मैचों में भाग लेने हेतु तैयारी एवं खर्चे के संबंध में प्रस्ताव रखते हुए यह बताया कि, टीमों के एयर टिकट / यात्रा, होटल बुकिंग, किट एंड बैगेज ट्रांसफर तथा टीम सदस्यों के किट एवं ड्रेस आपूर्ति हेतु तथा अन्य संभावित व्यवस्था हेतु ध्यान आकृष्ट किया।

उपस्थित सदस्यों ने कोषाध्यक्ष महोदय से इस संदर्भ में अब तक की गई तैयारी भी बताने का अनुरोध किया, जिसपर कोषाध्यक्ष महोदय ने इस संदर्भ में बीसीए द्वारा दिनांक: 03.05.2023 को प्रकाशित EOI के विरुद्ध प्राप्त प्रस्तावों,कोटेशन एवं सहमति, जो कि तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात तैयार किया गया है, की विवरणी उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। गहन चर्चा के पश्चात न्यूनतम दर कोट करने वाले वेंडर्स को आवश्यकता अनुसार कार्यादेश जारी करने की अनुमति प्रदान की। उपस्थित सदस्यों ने इस बारे में भी चर्चा की, कि यदि न्यूनतम दर कोट करने वाले वेंडर्स ससमय उपलब्धता या आपूर्ति करने में असमर्थता देते / बताते हैं तो इस स्थिति में दूसरे उपलब्ध अथवा विवेकानुसार वेंडर्स को कार्यादेश जारी करने की सर्वसम्मति अनुमति प्रदान की।

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**एजेंडा संख्या -7**

To discuss& decide regarding the legal matters and current status of the Association.

निर्णयः अध्यक्ष महोदय की अनुमति से इस विषय पर सीईओ-बीसीए ने बताया कि विभिन्न कोर्ट मे जो केस चल रहे है और जिसमें पूर्व के कॉम/आम सभा / विशेष आमसभा / वार्षिक आम सभा के द्वारा नियुक्त/प्रतिनियुक्त तथा हायर किए गए अधिवक्तागण बीसीए का पक्ष विभिन्न न्यायालय/फोरम में रख रहे हैं। सीईओ ने उपस्थित सदस्यों को यह भी बताया कि लीगल मामलों पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन का काफी खर्च हो रहा है। लीगल मामलों के लिए अभी तक की नियुक्ति तथा किए गए सभी खर्चो को सर्वसम्मति से पारित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया कि नियुक्त अधिवक्ताओं/कानून विदों से केस टू केस समीक्षा करने के लिए तथा इस सम्बन्ध में अग्रतर निर्णय लेने के लिए अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी तथा उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह को अधिकृत किया जाये जिससे लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाया जा सके।

**एजेंडा संख्या -8**

To discuss& decide regarding the Appointments made recently in confirmation to the resolution of the BCA's Meeting/s.

अध्यक्ष महोदय के आदेश से जीएम प्रशासन ने बताया कि बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के केस एवं अन्य कार्यो के लिए कुछ नियुक्तियाँ पूर्व मे की गयी है। सीईओ ने इस बात की पुष्टि करते हुए उपस्थित सदस्यों को बताया कि कार्य की आवश्यकता को देखते हुए कुछ नियुक्तियाँ की गयी है, एवं इसका विवरण बैठक में प्रस्तुत किया। इस पर बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यो ने नियुक्तियों को कार्यानुसार सही पाया एवं सभी नियुक्तियों को संपुष्ट करते हुए, उनके देय वेतन को पुनः पारित किया।

**एजेंडा संख्या -9**

To discuss& decide about the Screening Report of the Selectors and Support Staff for 2023-24.

निर्णयः अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने बीसीए के चयनकर्ताओं एवं सपोर्ट स्टाफ के चयन हेतु प्रकाशित नोटिस के विरुद्ध प्राप्त आवेदनों तथा संलग्नकों का ब्योरा उपस्थित सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया। विज्ञापन के आलोक में प्राप्त सभी आवेदनों पर बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से निर्णय लिया कि सभी आवेदनों को वार्षिक आम सभा में प्रस्तुत किया जाय, जिसपर वार्षिक आम सभा के सदन से निर्णय लिया जाएगा।

**एजेंडा संख्या -10**

Any other matter with the permission of the Chair.

**AN-1.** अध्यक्ष महोदय के आदेश से बैठक में उपस्थित कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नन्दन सिंह ने 14.09.2022 को माननीय सर्वोच्य न्यायालय के संविधान संसोधन संबन्धित आदेश के बाद, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की संसोधित संविधान को Rule-52 के तहत माननीय सर्वोच्य न्यायालय में दाखिल किए जाने के विषय को विमर्श हेतु पटल पर रखा।

निर्णय : इस विंदु पर गहन चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि, 14.09.2022 को माननीय सर्वोच्य न्यायालय के द्वारा बीसीसीआई के द्वारा संविधान संसोधन से सम्बंधित दायर I.A. पिटीशन का निपटारा करते हुए आदेश पारित किया गया है, तथा इस संसोधन के आलोक में सभी राज्य संघों को भी अपने संविधान में संशोधन करने का आदेश दिया गया है। 14.09.2022 के माननीय सर्वोच्य न्यायालय के आदेश के आलोक में संसोधित बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के संविधान को फ़िर से माननीय सर्वोच्य न्यायालय में दाखिल किया जाना है। माननीय सर्वोच्य न्यायालय में संसोधित संविधान को संपुष्टि हेतु दाखिल करने, वकालतनामा और शपथ पत्र पर बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह को भी अधिकृत करने का निर्णय किया गया।

Rakesh Kumar Tiwary

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

**AN-2** आसन के आदेश से बैठक में उपस्थित सीईओ ने उपस्थित सभी सदस्यों का ध्यान बीसीए के गेस्ट हॉउस (404, मानव इन्क्लेव, अल्पना मार्किट, पाटलीपुत्रा कालोनी, पटना) जो कि एक अप्रैल 2020 से अभी तक चला आ रहा है। उसके रेंट एग्रीमेंट का आगे के वर्षों के लिए नवीनीकरण की आवश्यकता है। सीइओ ने बताया कि गेस्ट हॉउस का एग्रीमेंट तात्कालीन कार्यकारी सचिव श्री कुमार अरविन्द के द्वारा किया गया था, जो विभिन्न बैठकों के द्वारा अनुमोदित एवं पारित है. बीसीए के ऑडिट रिपोर्ट में गेस्ट हॉउस के रेंट की देनदारी: 25,000/- रुपया + मेंटेनेस चार्ज प्रति माह का भी वर्णन है। पूर्व का एग्रीमेंट को खोजने पर कार्यालय के द्वारा जानकारी दी गयी है कि कुछ कागजात कार्यालय स्थानान्तरण के दौरान खो गया है। सीइओ ने गेस्ट हॉउस के लिए फ्रेश एग्रीमेंट किये जाने की जरूरत का प्रस्ताव रखा।

निर्णय: उपस्थित सभी सदस्यों ने बताया कि सीइओ के द्वारा दी गयी जानकारी सही है, तथा बीसीए गेस्ट हॉउस की आवश्यकता बीसीए को है। चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से बीसीए गेस्ट हॉउस को संचालित रखने की सहमति देते हुए सीइओ को मकान मालिक सुश्री अनामिका गौतम से फ्रेश एग्रीमेंट करने हेतु अधिकृत किया गया।

**AN-3** अध्यक्ष महोदय के आदेश से बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष श्री दिलीप सिंह ने माननीय लोकपाल श्री नवल किशोर सिंह (अवकाश प्राप्त, जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के वर्तमान कार्यकाल के बारे में सदस्यों को जानकारी दी.

निर्णय: बैठक में उपस्थित सदस्यों के माननीय लोकपाल महोदय के मामले पर वार्षिक आम सभा में विमर्श कर निर्णय लिए जाने का सुझाव दिया, जिसे सर्व सम्मति से आज के आम सभा में पटल पर विमर्श हेतु रखने का निर्णय किया गया.

**AN-4** आसन की अनुमति के उपरांत सीईओ मनीष राज ने ने उपस्थित सदस्यों का ध्यान बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की छवि को धूमिल किए जाने तथा गतिविधियों को नकारात्मक रूप से प्रसारित करने के प्रोपेगेंडा की तरफ आसन सहित सदस्यों का ध्यान आकृष्ट कराया।

उपस्थित सदस्यों ने सीईओ के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव तथा मामले की गंभीरता पर चिंता प्रकट की। विमर्श के दौरान यह बात भी सामने आई कि कुछ निहित स्वार्थ वाले व्यक्ति तथा विक्षुब्ध लोग बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की छवि को राज्य-राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल करने का अनवरत प्रयास कर रहे हैं, और प्रति दिन सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के विरुद्ध अनर्गल प्रचार प्रसार में लिप्त हैं।
इस संदर्भ में चर्चा के दौरान यह भी मामला सामने आया कि बिहार के राज्य टीमों के कुछ सिनीयर खिलाड़ियों ने भी यह बताया है कि बोर्ड मैचों में खेलने के दौरान भी दूसरे राज्यों के भी खिलाड़ी तथा अन्य लोग मीडिया के माध्यम से प्राप्त बिहार क्रिकेट की नकारात्मक छवि के बारे में चर्चा करते हैं। अध्यक्ष महोदय ने इस संदर्भ में उपस्थित सदस्यों को बताया इस संदर्भ में पब्लिक रिलेशन (जन संपर्क)- मीडिया एजेंसी/ व्यक्ति की नियुक्ति तथा बिहार क्रिकेट की छवि को धूमिल करने वाले तत्वों का माकूल जवाब तथा बिहार क्रिकेट का सही छवि का निर्धारण करने हेतु विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए सी ई ओ को निर्देशित किया गया था, इस पर आसन के आदेश से सी ई ओ ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि, पी आर एजेंसी कि नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था, लेकिन, योग्य प्रस्ताव नहीं आने की वजह से अभी तक नियुक्ति की प्रक्रिया नहीं हो पायी है। अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में असंतोष प्रकट किया तथा उपस्थित सदस्यों ने सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया कि इस मामले को आसन्न वार्षिक आम सभा में विमर्श हेतु तथा पी आर एजेंसी अथवा योग्य व्यक्ति की नियुक्ति हेतु प्रस्तुस्त किया जाय।

Rakesh Kumar Tiwary

राकेश कुमार तिवारी
अध्यक्ष
बिहार क्रिकेट एसोसिएशन,
बिहार, पटना